तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज रतन स्वरूप बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) **सू.अ.अ. अपील संख्या 32/2020**	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26.02.20	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी रतनस्वरूप पता गणेश मंदिर के पास पहाड़ी पर, रातानाडा जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 18.11.2019 में उसके द्वारा (1) जिला कलक्टर (राजस्व शाखा) कार्यालय जोधपुर पत्रावली प–33/राजस्व/आवंटन/85 गजानंद हिल रातानाडा जोधपुर के ख.नं. 425 में 2500 वर्गमीटर भूमि उच्च जलाश्य निर्माण हेतु पीएचईडी की आवंटन से संबंधित पत्रावली कार्यवाही संधारित कार्यालय टिप्पणी 27.06.1985 से 9.5.1986 तक व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से आज दिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	